# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय
# सीकर

क्रमांकः– प.1( )परीक्षा/2022–23/4845 दिनांकः 20/01/23

## मुख्य परीक्षा 2023 के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने सम्बन्धी विज्ञप्ति
## (स्नातक एवं स्नातकोत्तर)

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से संबद्ध झुन्झुनूं एवं सीकर जिले के निम्नांकित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व परीक्षार्थियों के मुख्य परीक्षा–2023 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि निम्नानुसार हैं।

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | बिना विलंब शुल्क | रू. 100/– विलंब शुल्क सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए., बी.एससी., एवं बी.कॉम. (पास कोर्स) नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व छात्र, बी.सी.ए., बी.बी.ए. (पार्ट–I,II,&III) | 23.01.2023 (सोमवार) से 31.01.2023 (मंगलवार) | 01.02.2023 से 04.02.2023 |
| 2 | समस्त स्नातकोत्तर (पूर्वाद्व एवं उत्तरार्द) वार्षिक पद्धति नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी | | |

विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** का अवलोकन करें।

(डॉ. अरिन्दम बासु)
परीक्षा नियंत्रक

CamScanner

(01) / (11)

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय
## सीकर

क्रमांकः– प.1( )परीक्षा/2022–23/4846 दिनांकः 20/01/23

**मुख्य परीक्षा 2023 के परीक्षा आवेदन पत्र भरवाने सम्बन्धी विज्ञप्ति**

**(स्नातक एवं स्नातकोत्तर)**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से संबद्ध झुन्झुनूं एवं सीकर जिले के निम्नांकित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व परीक्षार्थियों के मुख्य परीक्षा–2023 के परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट **www.shekhauniexam.in** पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार घोषित किया जाता है:–

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम | बिना विलंब शुल्क | रू. 100/– विलंब शुल्क सहित |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए., बी.एससी., एवं बी.कॉम. (पास कोर्स) नियमित, स्वयंपाठी एवं पूर्व छात्र, बी.सी.ए., बी.बी.ए. (पार्ट–I,II,&III) | 23.01.2023 से 31.01.2023 | 01.02.2023 से 04.02.2023 |
| 2 | समस्त स्नातकोत्तर (पूर्वाद्व एवं उत्तरार्द) वार्षिक पद्धति नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी | | |

**सामान्य निर्देश**

**परीक्षा हेतु आवेदन करने वाले समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे ऑनलाइन फॉर्म भरते समय फॉर्म में दी गई प्रत्येक सूचना को भली–भांति पढ़कर उसमें सही सूचनायें ही अंकित करें/करायें। ई–मित्र पर फॉर्म भरवाते समय भी परीक्षार्थी का सम्पूर्ण सही विवरण व सही प्रश्न पत्र भरा जाना सुनिश्चित कर ही सबमिट करें। आपके द्वारा भरी गई सूचनायें ही आपको मिलने वाली डिग्री/अंक तालिका में प्रदर्शित होगी।**

1. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में विनिर्दिष्ट ई–मित्र/ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नही होगा। परीक्षा फॉर्म दिशा–निर्देशों का अवलोकन कर सावधानी पूर्वक भरें। निर्धारित शुल्क जमा होने के पश्चात तीन प्रतियों में आवेदन पत्र प्रिंट कर दो प्रति (महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय कॉपी) समस्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित अवधि में संबंधित महाविद्यालय में जमा करावें। आवेदन पत्र की स्टूडेंट प्रति अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से अपने पास सुरक्षित रखें।
   **परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नहीं हो पायेगा।**
2. परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना आधार कार्ड नम्बर दर्ज करना अनिवार्य है।
3. महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फॉर्म अग्रेषित करने संबंधी प्रक्रिया हेतु दिशा निर्देश देखें।
4. माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह सम्बन्धित प्राचार्य अपने स्तर पर सुनिश्चित करें।
5. **परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं किया जायेगा।** अतः निर्धारित समय में संबंधित महाविद्यालय में ही परीक्षा फार्म जमा करायें। महाविद्यालयों द्वारा अग्रेषित परीक्षा फार्म ही स्वीकार होंगे।
6. स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है/करेंगे, उन्हे निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण हेतु पंजीकरण करवाकर निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करवाना होगा। इस संबंध में शीघ्र ही विज्ञप्ति जारी होगी तत्पश्चात् प्रायोगिक प्रशिक्षण हेतु संबंधित महाविद्यालयों में सम्पर्क करें, अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।
7. परीक्षा विज्ञप्ति एवं विस्तृत दिशा निर्देश विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.shekhauni.ac.in** पर उपलब्ध है। परीक्षा संबंधी कतिपय नियमों के लिए परिशिष्ठ "अ" देखें।

**नोटः–** परीक्षा फॉर्म भरने सम्बन्धी समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर 73985-32208, 8960032208 पर सम्पर्क कर सकते हैं तथा गेटवे पेमेन्ट हेतु ICICI Bank हेल्पलाईन नम्बर 7877323701 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(डॉ. अरिन्दम बासु)
परीक्षा नियंत्रक



CS CamScanner

क्रमांक:– प.1( )परीक्षा/2022–23/4846 दिनांक: 20/01/23

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित हैं–

1. प्राचार्य संबद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि:–
   a. वे यह सुनिश्चित कर लें कि नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा फॉर्म सही हैं एवं दो प्रतियों में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों के साथ संलग्न है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण दिशा–निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.shekhauniexam.in** पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया महाविद्यालय कोड आवश्यक रूप से अंकित करें।**
   b. संबंधित महाविद्यालयों द्वारा जमा किए गए परीक्षा फार्मों की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने हेतु तिथियों की सूचना अलग से जारी कर दी जायेगी।
   c. विश्वविद्यालय से संबद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक पार्ट प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध, उतरार्द्ध कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फॉर्म भरवाये गये हैं **उससे अधिक होने पर प्रति छात्र रू 10,000/– पैनल्टी लगेगी तथा छात्र स्वयंपाठी कैटेगरी में बदल दिया जायेगा। नियमित विद्यार्थियों के प्रवेश में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा जारी प्रवेश नीति के प्रावधानों की पूर्ण पालना की गई है इस आशय का शपथ–पत्र संबंधित प्राचार्य द्वारा परीक्षा–फॉर्मों के साथ संलग्न करना होगा।**
   d. माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह संबंधित महाविद्यालय प्राचार्य सुनिश्चित कर लें।
   e. केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा फॉर्म अग्रेषण का शुल्क रूपये 8/– (नवीन दरें) प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालयों को देय होगा।
   f. संबंधित महाविद्यालय, परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषण करने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थी उस कक्षा की पात्रता पूर्ण करता है तथा उसके परीक्षा आवेदन पत्र की सम्पूर्ण प्रविष्टियां पूर्ण रूप से सही भरी जा चुकी हैं। यदि आवेदन पत्र में किसी प्रकार की प्रविष्टि जैसे– परीक्षार्थी के निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर, पात्रता परीक्षा संबंधी सभी सूचनाएं आदि नहीं पाये जाते हैं तो उन्हे परीक्षार्थी द्वारा पूर्ण करने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर जमा करें। **ई–मित्र/ICICI Payment gateway system के द्वारा देय रसीद की फोटो प्रति के पीछे जमा कर्ता के हस्ताक्षर एवं महाविद्यालय की मोहर अंकित कर परीक्षार्थी को रसीद के रूप में प्रदान करें, छात्र इस रसीद को सबूत के तौर पर सुरक्षित रखें। महाविद्यालय द्वारा यह ध्यान रखा जाना है कि आवेदन पत्र की कम्प्यूटर प्रति ऊपर रहे तथा उसके नीचे कार्यालय प्रति मय पूर्व में उत्तीर्ण आवश्यक अंकतालिकाओं की छायाप्रति आदि संलग्न हो।** स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध में प्रवेश लेने वाले ऐसे परीक्षार्थी जिन्होने स्नातक अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की हैं, उनके आवेदन पत्र के साथ प्रवर्जन प्रमाण पत्र जमा करवाना अनिवार्य है। उपरोक्त कारणों से परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त होने की स्थिति में संबंधित महाविद्यालय ही जिम्मेदार होगा।

2. वित्त नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा–2023 हेतु ई–मित्र/ICICI Payment Gateway System द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क की राशि जमा विवरण प्राप्त कर मिलान करने का भी श्रम करावें।

(2)/(11)

CamScanner

3. निजी सचिव, कुलपति/कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।

4. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के जिलों में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्र (राजस्थान पत्रिका) में एक बार प्रकाशित करवावें एवं समाचार के रूप में भी प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें।

5. समस्त अनुभागाधिकारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।

6. संबंधित कम्प्यूटर फर्म।
7. गार्ड फाईल।

(डॉ. संजीव कुमार)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

CamScanner

4/11

## परिशिष्ठ–अ

## मुख्य परीक्षा 2023 के लिए ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरवाने संबंधी महाविद्यालय एवं परीक्षार्थियों को दिशा–निर्देश

1. नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का निर्धारित परीक्षा शुल्क ई–मित्र/ ICICI Payment Gateway System के माध्यम से अदा करना होगा। परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा फॉर्म की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:–
    a. छात्र सर्वप्रथम वेबसाईट **www.shekhauniexam.in** पर विजिट कर अपनी कक्षा से संबंधित पंजीकरण करवाकर ऑनलाईन परीक्षा फॉर्म भरेंगे।
    b. निर्धारित शुल्क के चालान का प्रिन्ट लेकर ई–मित्र या ICICI Payment Gateway से शुल्क जमा करवाया जा सकता है। पुनः वेबसाईट **www.shekhauniexam.in** पर लॉगईन कर चालान नंबर और टोकन नंबर अंकित कर अपनी परीक्षा फार्म की तीन प्रतियां प्रिंट करें। (एक प्रति महाविद्यालय, एक प्रति विश्वविद्यालय एवं एक प्रति स्वयं परीक्षार्थी)
    c. परीक्षार्थी कैशलेश पद्धति से ई–मित्र/ICICI Payment Gateway System पर परीक्षा शुल्क जमा करवा सकते हैं।
    d. परीक्षा आवेदन पत्र में मुद्रित सभी सूचनाऐं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढ़ें।
    e. **ई–मित्र पर एक बार परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा और ई–मित्र पर जमा शुल्क का टोकन निरस्त नहीं होगा। संबंधित ई–मित्र/सी. एस.सी. कियोस्क भी यह सुनिश्चित कर लें।**
    f. आवेदनकर्ता अपना परीक्षा फार्म ई–मित्र/ICICI Payment Gateway System के माध्यम से भी ऑनलाईन भरवा सकते हैं। इसके लिए संबंधित कियोस्क को उनका निर्धारित शुल्क नियमानुसार अलग से देना होगा।
    g. परीक्षार्थियों द्वारा ई–मित्र/ICICI Payment gateway system के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम (नकद/बैंक ड्राफ्ट/चैक/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा जमा कराया गया परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।
2. विश्वविद्यालय परीक्षा–2022 में प्रविष्ठ हो चुके छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र पिछली कक्षा के रोल नंबर से ही भरे जा सकेंगे।
3. विश्वविद्यालय में पहली बार नामांकित होने वाले स्नातक पार्ट प्रथम, पी.जी. पूर्वार्द्ध, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट एवं अन्य कक्षाओं हेतु फ्रेश परीक्षा आवेदन पत्र भरने वाले छात्र संबंधित कक्षा का चयन करने के पश्चात् जो आवेदन–पत्र खुलता है, उसमें सभी प्रविष्ठियों को अपने स्तर पर भरकर तकनीकी विधि से अपना फोटो तथा हस्ताक्षर स्केन कर परीक्षा आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर अपलोड़ करें। परीक्षार्थी अपना, माता एवं पिता का नाम माध्यमिक परीक्षा बोर्ड/विश्वविद्यालय की अंकतालिका के अनुरूप ही भरें।
4. ऐसे परीक्षार्थी फ्रेश परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे जो:
    a. ऐसे परीक्षार्थी जो विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा– 2022 में बैठे हैं परन्तु
        i. किसी कारणवश रोल नम्बर से परीक्षा आवेदन पत्र Open नहीं हो रहा है।
        ii. B.A./B.Com./B.Sc.R.L./U.M. घोषित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम यदि डाटा अपडेट नहीं होने के कारण अभी तक घोषित नहीं हुआ है।
        iii. नियमानुसार महाविद्यालय परिवर्तित कर अन्य महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले नियमित परीक्षार्थी।
        iv. ऐसे परीक्षार्थी जो विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा 2022 में सम्मिलित नहीं हुये थे।
    b. B.A./B.Sc. Additional के सभी परीक्षार्थी फ्रेश परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे। परीक्षार्थी एक ऐसे एडिशनल विषय का चयन करेंगे जिसका अध्ययन उन्होने स्नातक उत्तीर्ण परीक्षा में नहीं किया हो।

CamScanner

5. परीक्षा फार्म जमा करवाने की व्यवस्था निम्न प्रकार है:—

**a. नियमित परीक्षार्थी:—**

i. तीन प्रतियों में परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी का प्रिन्ट लेकर तथा ई—मित्र/ ICICI Payment gateway system पर जमा शुल्क की रसीद की मूल प्रति को परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों से शुल्क जमा करवाने की तिथि से अगले तीन कार्यदिवस तक उन महाविद्यालयों में जमा करायेंगे जिनमें उनका नियमित प्रवेश है। एक प्रति परीक्षार्थी स्वयं के पास अवश्य रखे।

ii. संबंधित महाविद्यालय परीक्षार्थियों के फार्म की जांच कर उनके परीक्षा फार्म पर अंकित फार्म नंबर से उन्हे वेबसाईट **www.shekhauniexam.in** पर अपने लॉगिन आईडी (कॉलेज कोड) एवं पासवर्ड से विजिट कर वेरीफाई बटन दबाकर दर्ज करेंगे। कक्षा एवं संकायवार परीक्षार्थियों की सूची का दो प्रतियों में प्रिंट लेकर परीक्षा फार्मों की हार्ड कॉपी मय दस्तावेज के सूची के क्रमानुसार संलग्न कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

iii. महाविद्यालय परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय को प्रेषित करने से पूर्व परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा फार्म में अंकित किये गये विषयों की गहन जांच कर यह सुनिश्चित करेंगे **कि महाविद्यालय द्वारा छात्र को आवंटित विषय में ही फार्म भरे गये हैं तथा विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों पर ही प्रवेश दिया गया है। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान की प्रवेश नीति की पूर्णतः पालना की गई है। इस संबंध में किसी भी त्रुटि के लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा इस आशय का शपथ पत्र भी आवेदन पत्रों के साथ संलग्न करेंगे।**

**b. स्वयंपाठी परीक्षार्थी:—**

i. स्वयंपाठी परीक्षार्थी ई—मित्र/ ICICI Payment gateway system पर जमा शुल्क की रसीद की मूल प्रति को परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों से शुल्क जमा करवाने की तिथि से अगले तीन कार्यदिवस में परीक्षा आवेदन पत्र पर अंकित महाविद्यालय में जमा करावें। एक प्रति परीक्षार्थी स्वयं भी अपने पास रखे। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित महाविद्यालयों की सूची वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ii. संबंधित महाविद्यालय द्वारा प्राप्त स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म की जांच कर उनके परीक्षा फार्म पर अंकित फार्म नंबर से उन्हे वेबसाईट **www.shekhauniexam.in** पर अपने लॉगिन आईडी (कॉलेज कोड) एवं पासवर्ड से विजिट कर वेरीफाई बटन दबाकर दर्ज करेंगे। कक्षा एवं संकायवार परीक्षार्थियों की सूची का दो प्रतियों में प्रिंट लेकर परीक्षा फार्मों की हार्ड कॉपी मय दस्तावेज के सूची के क्रमानुसार संलग्न कर विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

iii. यदि स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रेक्टिकल विषय लिये हैं तो उन्हे नियमानुसार प्रेक्टिकल ट्रेनिंग करना आवश्यक है। प्रशिक्षण नहीं लेने वाले छात्रों को परीक्षा, 2023 की प्रायोगिक परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।

iv. स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी जायेगी जो विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के जिला— सीकर एवं झुन्झुनूं में ढ़ाई वर्ष से अधिक समय से निवास कर रहे हो। यह प्रमाण—पत्र उन्हीं परीक्षार्थियों को देना है जिनका विश्वविद्यालय में नामांकन प्रथम बार होना हैं।

v. स्नातक स्वयंपाठी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले ऐसे परीक्षार्थी जो किसी ऐसे वैकल्पिक विषय जिसमें प्रायोगिक परीक्षा का प्रावधान है, की परीक्षा में सम्मिलति होते हैं, तो उन्हें

CamScanner

संबंधित विषय का प्रायोगिक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्र से लेना अनिवार्य है। प्रायोगिक प्रशिक्षण का निर्धारित शुल्क संबंधित महाविद्यालय में जमा कराना होगा तथा प्राप्त प्रमाण – पत्र को प्रायोगिक परीक्षा के दिन निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर जमा करवाना होगा अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे।

**c. पूर्व परीक्षार्थी (Ex-Student)**

परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करवायेंगे, जिस महाविद्यालय से वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण हुये थे, परन्तु ऐसे महाविद्यालय जो बंद हो चुके है उनके परीक्षार्थी निकटवर्ती राजकीय महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र जमा करवा सकेंगें। संबंधित राजकीय महाविद्यालय ऐसे छात्रों की पृथक से सूची तैयार कर परीक्षा आवेदन पत्र के साथ विश्वविद्यालय में जमा करावें।

**d. महाविद्यालय द्वारा वेबसाईट पर पंजीयन तथा परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर विश्वविद्यालय में अग्रषित करने की प्रक्रियाः**

संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्रों को कक्षावार व्यवस्थित कर निर्धारित तिथि तक महाविद्यालय लॉगिन आई.डी. से वेरिफाई करके विश्वविद्यालय में जमा करवायेंगे।

i. नवीन संबद्धता प्राप्त अथवा जिन महाविद्यालयों को गत वर्ष लोगिन आई.डी./पासवर्ड आवंटित नहीं हुआ है ऐसे महाविद्यालय उनको आवंटित महाविद्यालय कोड से वेबसाईट **www.shekhauniexam.in** के कॉलेज पोर्टल पर अपना ई–मेल आई.डी. एवं मोबाईल नम्बर का रजिस्ट्रेशन करवायेंगे। तत्पश्चात् उन्हे महाविद्यालय लॉगिन आई.डी. एवं वन टाईम पासवर्ड पंजीकृत मोबाईल/ई–मेल आई.डी. पर उपलब्ध कराया जायेगा। महाविद्यालय अपना नया पासवर्ड बदलने के ऑप्सन पर अपना नया पासवर्ड उसी वेबसाईट पर अपने स्तर पर बदल सकेंगे।

ii. ऑनलाईन गेटवे/ई–मित्र/ICICI Payment gateway system के माध्यम से जमा शुल्क के साथ प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी को कक्षा एवं श्रेणीवार उसी वेबसाईट के कॉलेज पोर्टल पर प्रत्येक छात्र के परीक्षा आवेदन पत्र को वेरिफाई करें। संबंधित कक्षा के सभी परीक्षा आवेदन पत्रों को वेरिफाई करने के पश्चात प्रिन्ट ऑप्शन पर जाकर Nominal Roll का प्रिन्ट लें। तत्पश्चात् Nominal Roll लिस्ट के क्रमानुसार ही संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्रों को व्यवस्थित कर Nominal Roll लिस्ट के साथ विश्वविद्यालय में जमा करवायें।

**नोटः– उक्त प्रक्रिया के अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

6. **परीक्षार्थी ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा फॉर्मो पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः ऐसे परीक्षा फॉर्म स्वतः ही निरस्त समझे जायेंगे।**

7. **संबंधित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी ध्यान रखें कि चयनित वैकल्पिक विषयों का एक बार चयन करने के पश्चात बाद में किसी भी परिस्थिति में बदलाव संभव नहीं होगा। (वैकल्पिक विषयों में न्यूनतम छात्र संख्या आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की प्रवेश नीति के अनुरूप ही होनी चाहिए)**

8. **परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म को सावधानी पूर्वक भरें, अन्यथा परीक्षार्थी के फॉर्म में किसी भी प्रकार की गलती जैसे– नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि, एनरोलमेन्ट नंबर, इत्यादि में बाद में संशोधन करवाने पर रू. 200/– प्रति गलती परीक्षार्थी द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करवाने पर परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथी से 10 दिवस में ही सुधार करवाया जाना संभव होगा।**

CamScanner

7/11

9.

a. ऐसे छात्र जिन्होंने अपनी परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से उत्तीर्ण की है वे अपनी अंकतालिका की सत्यापित कॉपी ऑनलाईन परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करें।

b. राजस्थान बोर्ड के अतिरिक्त अन्य बोर्ड से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपना मूल प्रवर्जन प्रमाण–पत्र (माइग्रेशन) एवं मूल अंकतालिका की छायाप्रति संलग्न करें। संबंधित महाविद्यालय/संग्रहण केन्द्र दस्तावेजों की सम्पूर्ण जॉच करके परीक्षार्थी को मूल दस्तावेज सुपुर्द करना सुनिश्चित करेंगे।

c. जिन परीक्षार्थियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है तथा अब स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध नियमित एवं स्वयंपाठी के लिए परीक्षा आवेदन कर रहे हैं, वे अपना मूल प्रवर्जन प्रमाण–पत्र (माइग्रेशन) परीक्षा आवेदन पत्र के साथ जमा अवश्य करवायें। परीक्षा आवेदन पत्र के साथ जमा नहीं करवाने की स्थिति में उनका परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जायेगा।

10. परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र आवंटित करने संबंधित सूचना उनके परीक्षा प्रवेश–पत्र में उपलब्ध करायी जायेगी।

11. फ्रेश परीक्षा फार्म भरने वाले छात्र अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, बोर्ड की अंकतालिका के अनुसार भरें।

12. अन्य (नियमानुसार समकक्षता/मान्यता प्राप्त) विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय से स्नातक पार्ट–प्रथम उत्तीर्ण छात्र यदि इस विश्वविद्यालय से पार्ट– द्वितीय की परीक्षा में सम्मिलति होना चाहते हैं तो:

a. ऐसे छात्र उन्हीं वैकल्पिक विषयों में परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे, जिनका चयन पार्ट–प्रथम में किया था। परन्तु अनिवार्य विषयों (सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, पर्यावरण अध्ययन तथा प्रारम्भिक कम्प्यूटर अनुप्रयोग) में से जो विषय पूर्व विश्वविद्यालय में संचालित नहीं थे, उन अनिवार्य विषयों की परीक्षा पार्ट– द्वितीय के साथ देना अनिवार्य होगा।

b. ऐसे छात्रों की डिवीजन का निर्धारण पार्ट– द्वितीय एवं तृतीय में प्राप्तांकों के आधार पर होगा तथा उन्हें दो वर्षीय उपाधि प्रदान की जावेगी।

13.

a. **स्नातक कला में गृह–विज्ञान वैकल्पिक विषय केवल नियमित छात्राओं के लिये ही लेना अनुमत है।**

b. **स्नातक में एलीमेन्ट्री कम्प्यूटर तथा पर्यावरण अध्ययन केवल नियमित विद्यार्थियों को ही लेना है। यदि किसी परीक्षार्थी ने पार्ट प्रथम (स्वयंपाठी) के रूप में पास कर पार्ट द्वितीय में नियमित प्रवेश लिया है तो उसे ये दोनों विषयों की परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा।**

c. **स्नातक स्तर पर मनोविज्ञान, चित्रकला, शारीरिक शिक्षा, ड्राइंग एवं पेंटिंग, संगीत विषय केवल नियमित विद्यार्थियों के ही लेने की अनुमति होगी।**

d. **स्नातक वाणिज्य पार्ट तृतीय में कम्प्यूटर अकाउंटिंग विषय केवल नियमित विद्यार्थियों को ही लेना अनुमत है।**

e. **यदि कोई नियमित परीक्षार्थी ऐसे विषय/विषयों के साथ स्नातक पार्ट प्रथम की परीक्षा पास करता है जो केवल नियमित परीक्षार्थी को ही लेने की अनुमति है, वे परीक्षार्थी पार्ट द्वितीय एवं तृतीय में ऐसे विषय/विषयों के साथ स्वयंपाठी के रूप में परीक्षा नहीं दे सकेंगे।**

f. **स्नातकोत्तर स्तर पर लघुशोध (Dissertation) प्रश्न पत्र केवल ऐसे नियमित परीक्षार्थी ही लेने योग्य होंगे जिनके पूर्वार्द्ध में 55 प्रतिशत से अधिक औसत अंक प्राप्त किये हैं।**

CamScanner

g. **स्नातकोत्तर स्तर पर गृहविज्ञान (केवल महिलाओं के लिए), चित्रकला, भौतिक शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं रसायन शास्त्र विषय में केवल नियमित विद्यार्थी ही परीक्षा फार्म भर सकेंगे।**

14. स्नातक में वैकल्पिक विषय के रूप में कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन एवं फिजीकल एज्यूकेशन विषय का चयन नियमित परीक्षार्थी कर सकते है।
15. बी.ए./बी.एससी. एडिशनल परीक्षा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर अथवा अन्य मान्यता प्राप्त समकक्ष विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण परीक्षार्थी केवल एक ऐसे विषय में परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे जिसका चयन स्नातक उत्तीर्ण परीक्षा में नहीं किया हो। उन्हे B.A./B.Sc. Additional के पार्ट–प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय के सभी विषय वर्तमान सिलेबस के अनुसार एक ही वर्ष में उत्तीर्ण करने होंगे।
16. स्नातक कक्षाओं (नियमित/स्वयंपाठी) में श्रेणी/अंक सुधार हेतु पार्ट–प्रथम/द्वितीय/तृतीय उत्तीर्ण परीक्षार्थी केवल उत्तीर्ण वर्ष से ठीक अगले वर्ष अंक/श्रेणी सुधार हेतु उन्हीं विषयों में तथा उस समय लागू सिलेबस के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। परन्तु ऐसे परीक्षार्थियों को प्रायोगिक विषयों (यदि हो) की परीक्षा भी पुनः देनी होगी।
17. स्नातक कक्षाओं (नियमित/स्वयंपाठी) में यदि कोई छात्र किसी पेपर की परीक्षा एक प्रयास में उत्तीर्ण नहीं कर पाता है तो छात्र के उस विषय में न्यूनतम अंक ही श्रेणी निर्धारण हेतु जोड़े जायेंगे।
18. विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमानुसार नॉन कॉमर्स परीक्षार्थियों को बी.कॉम पार्ट– प्रथम में अतिरिक्त अनिवार्य विषय बुक कीपिंग एण्ड अकाउन्टेन्सी की परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।
    **नोटः** बी.टेक उत्तीर्ण छात्र एम.ए./एम.एससी. गणित के लिए आवेदन पत्र नहीं भरें।
19. **स्नातकोत्तर (वार्षिक पद्धति) कक्षाओं में अंक/श्रेणी सुधार के संबंध में:**
    a. स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध/उतरार्द्ध परीक्षा–2022 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी जो श्रेणी/अंक सुधार हेतु परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं उन्हे (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक प्रश्नपत्र सहित) सभी प्रश्नपत्रों की परीक्षा देनी होगी।
    b. स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध/उतरार्द्ध परीक्षा–2022 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, एक या अधिकतम दो प्रश्नपत्र (सैद्धान्तिक) में अंक सुधार हेतु आवेदन कर सकते है। प्रायोगिक प्रश्नपत्र में अंक सुधार की सुविधा नहीं है।
    c. स्नातकोत्तर उत्तीर्ण परीक्षार्थी, पूर्वार्द्ध और उतरार्द्ध के सभी विषयों (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक प्रश्न पत्र सहित) में एक साथ श्रेणी सुधार हेतु वर्तमान पाठ्यक्रमानुसार उन्ही विषयों में परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है।
20. विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष में आयोजित होने वाली दो मुख्य परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकता।
21. परीक्षार्थी किसी बकाया विषय को एक से अधिक बार में उत्तीर्ण करता है तो स्नातक पार्ट–3 में श्रेणी निर्धारण हेतु उस बकाया विषय के न्यूनतम अंक जोड़े जायेंगे।
22. स्नातक कला में वैकल्पिक विषय के रूप में तीन साहित्य विषय तथा तीन प्रायोगिक विषय चयन करने की अनुमति नहीं है। हिन्दी साहित्य के साथ उर्दू एवं संस्कृत के साथ परसियन विषय का चयन नहीं कर सकते है।

CamScanner

9/11

23. विश्वविद्यालय परीक्षा, 2023 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क स्पोर्टस बोर्ड शुल्क एवं विकास शुल्क निम्नानुसार है–

## I. FEE PAYABLE FOR UG COURSES EXAM. 2022-23

| S. No. | Name of Exam | Regular | Ex. Student | Non-Collegiate |
|---|---|---|---|---|
| 1. | B.A./B.Sc./B.Com. Pt-I (If already enrolled) | 1100/- | 1320/- | 1940/- |
| 2. | B.C.A./B.B.A./B.Sc.(Bio-Tech.) Pt-I (If already enrolled) | 1600/- | 1820/- | -- |
| 3. | B.A./B.Sc./B.Com. Pt-I (If not enrolled) (Enrollment & Eligibility Fees 290+290= 580/-) | 1670/- | -- | 2500 |
| 4. | B.C.A./B.B.A./B.Sc.(Bio-Tech.) Pt-I (If not enrolled) (Enrollment & Eligibility Fees 290+290= 580/-) | 2170/- | -- | -- |
| 5. | B.A./B.Sc./B.Com. Pt-II | 1100/- | 1320/- | 1940/- |
| 6. | B.C.A./B.B.A./B.Sc.(Bio-Tech.) Pt-II | 1670/- | 2500/- | -- |
| 7. | B.A./B.Sc./B.Com. Pt-II (with due paper of Pt.-I) | 1650/- | 1870/- | 2490/- |
| 8. | B.C.A./B.B.A./B.Sc.(Bio-Tech.) Pt-II (with due paper of Pt.-I) | 2220/- | 3060/- | -- |
| 9. | B.A./B.Sc./B.Com. Pt-III | 1540/- | 1760/- | 2540/- |
| 10. | B.C.A./B.B.A./B.Sc.(Bio-Tech.) Pt-III | 1820/- | 2060/- | |
| 11. | B.A./B.Sc./B.Com. Pt-III (with due paper of Pt.-I OR Pt.-II) | 2090/- | 2310/- | 3090/- |
| 12. | B.C.A./B.B.A./B.Sc.(Bio-Tech.) Pt-III (with due paper of Pt.-I OR Pt.-II) | 2370/- | 2600/- | -- |
| 13. | B.A./B.Sc./B.Com. Pt-III (with due paper of Pt.-I And Pt.-II) | 2640/- | 2860/- | 3641/- |
| 14. | B.C.A./B.B.A./B.Sc.(Bio-Tech.) Pt-III (with due paper of Pt.-I And Pt.-II) | 2910 | 3160 | -- |
| 15. | B.A./B.SC Additional | - | 1760 | 2540 |
| 16. | Fees for Physically challenged Students (for above all categories) (If already enrolled) | 500 | 600 | 1100 |
| 17. | Fees for Physically challenged Students (If not enrolled) (Enrollment & Eligibility Fees 290+290= 580/-) | 1080 | 1180 | 1680 |

## II. FEE PAYABLE FOR PG COURSES EXAM. 2022-23

| S. No. | Name of Exam | Regular | Ex. Student | Non-Collegiate |
|---|---|---|---|---|
| 1. | M.A./M.Sc./M.Com.(Prev.) (If already enrolled) | 1540/- | 1740/- | 2530/- |
| 2. | M.A./M.Sc./M.Com.(Prev.) (If not enrolled) (Enrollment & Eligibility Fees 290+290= 580/-) | 2070/- | - | 3080/- |
| 3. | M.A./M.Sc./M.Com.(Final) Ord. 169/E-(1)/0.215/0.238/0.250 | 1940/- | 2140/- | 3280/- |
| 4. | M.A./M.Sc./M.Com. (Final) (With due papers of Prev./Ord. 169-E(11) | 2470/- | 2660/- | 4540/- |
| 5. | M.A./M.Sc./M.Com. (Under Ord. 169-D) | - | 3460/- | 4540/- |
| 6. | M.A./M.Sc./M.Com. (Under Ord. 179) | - | - | 4670/- |
| 7. | Fees for Physically challenged Students (for above all categories) (If already enrolled) | 500/- | 600/- | 1100/- |
| 8. | Fees for Physically challenged Students (If not enrolled) (Enrollment & Eligibility Fees 290+290= 580/-) | 1080 | 1180 | 1680 |

CamScanner

नोटः—

i. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क में छूट है। इस संबंध में कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र जो कि मेडिकल ऑफिसर से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्य निर्धारित शुल्क देय होगा।

ii. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नहीं लिया जावें।

## परिशिष्ठ–ब

**संबंधित परीक्षार्थियों एवं महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि:—**

1. स्वयंपाठी परीक्षार्थी कक्षा एवं संकायवार निम्न सूची में से नजदीकी महाविद्यालय का चयन कर ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरकर उसी महाविद्यालय में परीक्षा फॉर्म की हार्ड कॉपी जमा करवायें।
2. सीकर एवं झुन्झुनू जिले के नियमित/पूर्व परीक्षार्थी उसी महाविद्यालय से परीक्षा फार्म भरेंगे जहाँ के वे नियमित परीक्षार्थी है।

**नोट :** परीक्षा केन्द्र का निर्धारण विश्वविद्यालय द्वारा बाद में निर्धारित होगा। किसी जगह स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने पर नजदीकी अन्य महाविद्यालयों में उपलब्ध संख्या के अनुसार परीक्षा केन्द्र आवंटित होगा जिसकी सूचना परीक्षा प्रवेश पत्र पर अंकित होगी।

JHUNJHUNU:- N.C. STUDENTS EXAMINATION FORM COLLECTION CENTRE 2023

| S.No. | College Code | College Name |
|---|---|---|
| 1 | 177 | SETH N.M.T. GOVT. GIRLS COLLEGE,JHUNJUNU |
| 2 | 124 | GOVT. COLLEGE,GUDHA |
| 3 | 192 | SHRI RADHESHYAM R.MORAKA GOVT. P.G. COLLEGE,JJN |
| 4 | 125 | GOVT. COLLEGE,NAWALGARH |
| 5 | 210 | SWAMI VIVEKANAND GOVT P.G. COLLEGE,KHETRI |
| 6 | 241 | GOVT. MAHAVIDHALAYA, MALSISAR JJN |
| 7 | 243 | GOVT. GIRLS COLLEGE HETAMSAR JJN |
| 8 | 245 | GOVT. COLLEGE CHIRAWA JJN |
| 9 | 246 | GOVT. COLLEGE SURAJGARH JJN |
| 10 | 248 | GOVT. COLLEGE UDAIPURWATI |

CamScanner

SIKAR:- N.C. STUDENTS EXAMINATION FORM COLLECTION CENTRE 2023

| S.No. | College Code | College Name |
|---|---|---|
| 1 | 343 | GOVT. ARTS COLLEGE,KATARATHAL,SIKAR |
| 2 | 336 | GOVT KAMLA MODI GIRLS COLLEGE, NEEM KA THANA |
| 3 | 359 | GOVT. SCIENCE P.G. COLLEGE,SABALPURA,SIKAR |
| 4 | 360 | S.N.K.P. GOVT. COLLEGE, KOTPUTLI ROAD, NEEM KA THANA |
| 5 | 320 | GOVT. COMMERCE COLLEGE, SIKAR |
| 6 | 334 | S.K. GOVT GIRLS COLLEGE,SIKAR |
| 7 | 335 | BABA VISHAMBHAR DASS GOVT. GIRLS COLLEGE,VPO-HOD,THE-KHANDELA |
| 8 | 374 | SETH R.N. RUIA GOVT. COLLEGE, RAMGARH-SHEKHAWATI |
| 9 | 454 | GOVT COLLEGE, LAXMANGARH DIST- SIKAR |
| 10 | 455 | GOVT. COLLEGE, PATAN DIST-SIKAR |
| 11 | 461 | GOVT. COLLEGE, FATEHPUR SIKAR |
| 12 | 462 | GOVT. COLLEGE, LOSAL SIKAR |
| 13 | 466 | GOVT. COLLEGE, KHANDELA SIKAR |
| 14 | 476 | RAJKIYA KANYA MAHAVIDYALAYA, DANTARAMGARH, SIKAR |

(डॉ. अरिन्दम बासु)
परीक्षा नियंत्रक
दिनांक:

क्रमांकः– प.1( )परीक्षा / 2022–23 /
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. कुलपति सचिवालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
2. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
3. प्राचार्य, संबद्ध महाविद्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
4. वित्त नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर।
5. संबंधित कम्प्यूटर फर्म।
6. गार्ड फाईल।

(डॉ. संजीव कुमार)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

CamScanner